मा० कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर गाज़ियाबाद
तमसो मा ज्योतिर्गमय

अभिव्यक्ति

संस्करण 2023-24

संपादक मंडल

दाएं से बांए : डॉ. प्रियंका, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. निधि शुभानंद, डॉ. ज्योति यादव, प्रो. (डॉ.) संगीता गुप्ता (प्राचार्या), डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. विनोद कुमार,

कार्यालय परिवार

(दाएं से बांए) : श्री अनुज यादव, प्रो. (डॉ.) संगीता गुप्ता (प्राचार्या), श्री अवधेश कुमार, श्री सोनू कुमार

Abhivyakti

अभिव्यक्ति

संस्करण 2023-24

मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय

Quality Higher Education For All

सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ०प्र०)-201003

सम्पर्क-सूत्रः 0120-2772944

वेबसाईटः www.mkrgc.in, ई-मेलः info@mkrgc.in

तमसो मा ज्योतिर्गमय

प्रधान सम्पादक

डॉ. ज्योति यादव

संरक्षक

प्रो.(डॉ.) संगीता गुप्ता

प्राचार्या

सह सम्पादक

1. डॉ. राजीव वर्मा
2. डॉ. निधि शुभानंद
3. डॉ. श्वेता शर्मा
4. डॉ. प्रियंका
5. डॉ. विनोद कुमार
6. डॉ. दीपक कुमार

छात्र सम्पादक

तानिया वर्मा (बी.ए.III)

चांदनी (बी.ए.III)

सुहैब (बी.एस.सी.I)

अनुष्का पाल (बी.कॉम I)

पत्रिका में प्रकाशित लेखन सामग्री की मौलिकता एवं प्रामाणिकता का उत्तरदायित्व स्वयं लेखक का होगा, उनसे प्रकाशकीय एवं सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

सरस्वती वंदना

जय जगदीश्वरी माता
सरस्वती शरणागत प्रतिपालनहारी।
चंद्र बिम्ब सम वदन विराजे
शीश मुकुट गल माला धारी।
वीणा वाम अंग में शोभे
सामगीत ध्वनि मधुर पियारी।।
जय जगदीश्वरी
श्वेत वसन कमलासन सुंदर
संग सखि शुभ हंस सवारी।
ब्रह्मानन्द मैं दास तुम्हारो
दे दर्शन परब्रह्म दुलारी।।
जय जगदीश्वरी

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

राजभवन
लखनऊ - 226027

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि मा0 कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाजियाबाद द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालय की पत्रिकाएं संस्थान की उपलब्धियों को दर्शाने के साथ–साथ छात्र–छात्राओं में साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति को विकसित करने के उद्देश्य से प्रकाशित की जाती है। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में उपयोगी सिद्ध होगी।

पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के सफल प्रकाशन हेतु मैं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

आनंदीबेन

(आनंदीबेन पटेल)

प्रो० (डॉ०) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या
मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ०प्र०)।

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

लोकभवन
लखनऊ - 226001

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाजियाबाद द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

विद्यालय सारस्वत साधना के केन्द्र होते हैं, जहाँ नई पीढ़ी का निर्माण किया जाता है। शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्रिकाएं विद्यार्थियों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करने के साथ ही उनकी सृजनात्मक शक्ति को भी परिष्कृत करती है। इन पत्रिकाओं में संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों का समावेश भी होता है। मुझे आशा है कि यह पत्रिका विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों से परिपूर्ण होगी।

पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के उद्देश्यपरक प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(योगी आदित्यनाथ)

प्रो० (डॉ०) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या
मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ०प्र०)।

कक्ष सं0-63बी/डी, मुख्य भवन
विधान भवन, लखनऊ।
दूरभाष - 2238051 (कार्या0)

योगेन्द्र उपाध्याय
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि मा0 कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेरी कामना है कि उच्च स्तर का शिक्षण, शोध एवं सकारात्मक गतिविधियों में यह महाविद्यालय अपनी गौरवशाली परम्परा की मज़बूत नींव के साथ नित नई ऊंचाइयाँ प्राप्त करें। मैं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये आशा करता हूँ कि वे अपने श्रेष्ठ जीवन मूल्यों के साथ सामाजिक जीवन में उच्चतम शिखर पर पहुँचकर महाविद्यालय सहित प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उक्त वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के प्रकाशन से छात्र–छात्राओं की वैचारिक क्षमता एवं रचनाशीलता को दिशा एवं दृष्टि प्राप्त होगी और उनकी विशिष्ट प्रतिभाओं को उभारने एवं सर्वांगीण विकास में यह पत्रिका उपयोगी सिद्ध होगी।

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के सफल प्रकाशन के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

(योगेन्द्र उपाध्याय)

प्रो0 (डॉ0) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या
मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ0प्र0)।

डॉ० अमित भारद्वाज
निदेशक, उच्च शिक्षा, उ०प्र०

उच्च शिक्षा निदेशालय उ०प्र०
सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001
0532.2623874 (का०)
0532.2423919 (फैक्स)
ई.मेल : infodheup21@gmail.com

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि मा0 कांशीराम राजकीय महाविद्यालय सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद अपनी वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन करने जा रहा है। महाविद्यालय स्तर पर प्रकाशित होने वाली पत्रिका का मुख्य उद्देशय शिक्षण संस्थान के विभिन्न घटकों–विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, भूतपूर्व छात्रों एवं समाज के लोगों को महाविद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के बारे में अवगत कराना, उन्हें प्रेरित करना तथा समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान का यह भी दायित्व होता है कि वह अपने विद्यार्थियों को ऐसी संस्कारवान शिक्षा दे, जिससे कि वे अपने जीवन में रोजगार पाने के साथ–साथ श्रेष्ठ नागरिक भी बन सकें।

वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के सफल प्रकाशन हेतु मैं प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

डॉ (अमित भारद्वाज)

प्रो० (डॉ०) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या
मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ०प्र०)।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
मेरठ-250004 (उ0प्र0)

प्रोफेसर संगीता शुक्ला
डी0एस सी0
कुलपति

संदेश

जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि मा0 कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाजियाबाद द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

किसी महाविद्यालय की पत्रिका महाविद्यालय द्वारा वर्ष भर में छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास के लिये आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विहंगम वर्णन के माध्यम से विद्यार्थियों मे नयी उमंग एवं उत्साह का संचार करती है तथा उनकी सकारात्मक सक्रियता के संवर्द्धन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विश्वास है कि यह पत्रिका छात्र/छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा के निखार का अवसर प्रदान करने के साथ–साथ ज्ञानोपयोगी लेखों का प्रचार–प्रसार करेगी। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है।

महाविद्यालय परिवार को पत्रिका प्रकाशन हेतु शुभकामनायें।

(संगीता शुक्ला)

प्रो0 (डॉ0) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या
मा. कांशीराम राजकीय महाविद्यालय
सद्दीकनगर, नन्दग्राम, गाज़ियाबाद (उ0प्र0)।

संदेश

प्रिय विद्यार्थियों एवं पाठकों,

मुझे आप सभी का महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** के नवीनतम संस्करण में स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह पत्रिका न केवल हमारे महाविद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक जीवन का प्रतिबिंब है, बल्कि हमारे विद्यार्थियों की सृजनशीलता, परिश्रम और अनुशासन का प्रतीक भी है।

इस वर्ष हमारे महाविद्यालय ने शिक्षा और चरित्र निर्माण के विभिन्न आयामों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विद्यार्थियों ने न केवल अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त किया है, बल्कि नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी बखूबी समझा है। महाविद्यालय का यह मंच उन सभी विद्यार्थियों के लिए है, जो अपनी प्रतिभा और विचारों को समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहते हैं। यह पत्रिका आपको महाविद्यालय के विद्यार्थियों की लेखनी, कला, और विचारों की गहराइयों से परिचित कराएगी। मुझे गर्व है कि हमारे विद्यार्थी अपने कौशल और सामर्थ्य के साथ नई ऊँचाइयों को छूने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

मैं संपादकीय टीम और सभी योगदानकर्ताओं को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देती हूँ। इस पत्रिका के माध्यम से मैं आप सभी से यह आशा करती हूँ कि आप अपनी प्रतिभा को और निखारते हुए समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे।

सदैव आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए,

Sangeeta

प्रो० (डॉ०) संगीता गुप्ता,
प्राचार्या

Chief Proctor's Message

Dear Students and Readers,

It is my honour to address you in this edition of the College's Magazine, '**Abhivyakti**', a platform that reflects the vibrant academic and cultural life of our institution. As the Chief Proctor, I have had the unique opportunity to witness our students' growth, discipline, and perseverance over the past year.

At Manyavar Kanshiram Govt Degree College, Ghaziabad, education is not only about acquiring knowledge but also about shaping character. True success lies in the balance of academic excellence and personal integrity. Our campus is a place where ideas flourish, creativity thrives, and respect for one another forms the foundation of our values.

I am immensely proud of how our students have upheld these values, especially during times of challenge and change. Their dedication to learning and commitment to fostering a positive and inclusive campus environment are commendable.

This magazine is a testament to the intellectual and creative pursuits that exhibit our college spirit. It highlights the diversity of thought, talent, and perspective that makes Manyavar Kanshiram Govt Degree College, Ghaziabad, such a distinguished place. I encourage our students to continue striving for excellence while always maintaining a spirit of respect, responsibility, and compassion for their peers.

Congratulations to all the contributors and the editorial team for bringing this excellent edition to life. May this magazine inspire our students, not just as readers but as individuals committed to making a positive impact in our world.

Best wishes,

Dr. Jyoti Yadav

Editorial

Welcome to the latest edition of the college magazine **'Abhivyakti'**, a unique platform that captures our journey of growth and creativity as a college fraternity. Our college is not just a place of learning but a fraternity that thrives on passion, resilience, and innovation. These unique qualities accentuate our college spirit and unity, making our academic path truly inspiring.

In this edition, readers will find a rich blend of stories, essays, artwork, and reflections that showcase our students' immense talent and diversity and celebrate their remarkable achievements. From insightful articles on campus life and social issues to creative expressions in poetry, art, and science, this magazine is a testament to the dynamic energy that pulses through our halls. Each achievement is a source of pride and inspiration for our college fraternity.

Our editorial team has worked tirelessly to bring content that entertains, challenges, and inspires readers. Their efforts are the backbone of this magazine, and we hope these pages ignite curiosity, provoke thought, and remind readers of the incredible potential that lies within each of us.

I extend my heartfelt thanks to the Honourable Governor Smt. Anandiben Patel, Honourable Chief Minister Shri Yogi Adityanath Ji, Honourable Minister of Education Shri Yogendra Uppaddhya Ji, Director of Higher Education Dr Amit Bharadwaj Ji, Vice Chancellor Prof. Sangeeta Shukla Ji for enriching and embellishing our magazine with their invaluable good wishes and inspirational and encouraging messages.

I thank all the contributors, poets, and writers who shared their work and made this edition possible. Your voices are the heart of this magazine, and your contributions have added depth and diversity to our magazine.

I express my deep gratitude to our esteemed Principal Prof. (Dr) Sangita Gupta, for her kind and compassionate supervision and guidance, which shaped the college magazine with a unique perspective. She has played a significant role in making this edition a success, and for that, we are truly grateful.

Happy reading, and I wish everyone another year of learning, growth, and creativity. I also express my sincere gratitude to all our readers for their continued support and participation, which makes this magazine a true reflection of our college fraternity. I look forward to seeing more of students' contributions in the future as we continue to celebrate the diverse talents and achievements of our student community.

Warm Regards

(Dr. Jyoti Yadav)

अनुक्रमणिका

चिन्तामणि

1.	वर्तमान समय में युवाओं में नैतिक मूल्यों का पतन-एक नई समस्या	करण	01
2.	राष्ट्रीय मतदाता दिवस	खुशी	02
3.	सड़क सुरक्षा में युवकों की भूमिका	रितेश	03
4.	गणित	रोहित कुमार	04
5.	कोविड़-19 के भूले-बिसरे दिन	रजनी गौतम	04
6.	भारत एक महान देश	हर्ष कुमार	05
7.	राजनीति विज्ञान क्यों पसंद है	नैन्सी	06
8.	संगीत की रोगोपचारक शक्ति	नाजिया	07
9.	शीर्षक:विकसित@2047: भारत का निर्माण	नंदनी त्यागी	08
10.	दैनिक जीवन और रसायन	भारती	09
11.	रसायन विज्ञान	निशा	10
12.	मोबाइल:यवाओं के लिए हानिकारक	रितेश कुमार	12
13.	चुनाव क्यों महत्वपूर्ण है?	नैन्सी	13
14.	जलवायु परिवर्तन:एक विप्लव	रजनी	14
15.	गज़ल	कनिष्का कुशवाह	14
16.	सूफी संगीत	सुहैल	15
17.	बायोटेक्नोलॉजी की परिभाषा	कविता	15

काव्य-पीयूष

18.	हर दिन हम मुस्कुराएगें	डॉ. ज्योति यादव	17
19.	कॉलेज के दिन	विकास मावी	17
20.	शिक्षक पर एक कविता	विकास मावी	17
21.	हमारा राष्ट्रीय कैडेट कोर	ले0 डॉ0 मीनू वार्ष्णेय	18
22.	जीव विज्ञान का पाठ	ऋषभ वशिष्ठ	18
23.	जीवन-शैली	रोहित सिंह	19
24	अध्यापक	रोहित, भूतपूर्व छात्र	19

Expressions

25.	The Melodies of Days	Dr. Jyoti yadav	20
26.	Animals Models Used in Science : A Critical Tool for Advancing Knowledge	Lt. (Dr.) Meenu Varshney	20
27.	Decoding Caffeine : The Chemistry Behind Your Daily Boost	Dr. Anu Mishra	21
28.	The Chemistry of Slime	Yasha Rani	23
29.	Ice Cream	Suhail	23
30.	Global Warming	Arya Sharma	24
31.	Ganga: A Lifeline for Indian	Harsh Kumar	25
32.	Embracing Democracy : Empowering Voices on Campus	Muskan Attrey	26
33.	Embracing Women: A Case Study on Enterpreneurship in India	Sumit Pal	27
34.	Some Fun Facts about Accounting	Shreya Tripathi	29
35.	Embracing the Journey : The Importance of College Life	Sahib Singh	30
36.	Digital India: Transforming the Nation through Technology	Ritesh Kumar	31
37.	Importance of Mathematics In Our Life	Bharti	33
38.	Exploring the Intersection of Science and Career : The B.Sc. Journey	Ashwani Garg	33
39.	Artificial Mathematics	Soniya Sharma	34
40.	Swachh Bharat Mission	Nancy	35
41.	Deepening the Understanding of Mental Well-Being	Aakansha Mudgal	36
42.	Apiculture Scientific Method of Rearing Honeybees	Neha	38
43.	What is Light Pollution	Shivani Sharma	39
44.	Biodiversity	Shivani Sharma	40
45.	Gir National Park	Suhail	41
46.	Hydrophonics	Yasha Rani	42
47.	Carbon Footprint	Nisha	43
48.	Her Mental Health	Bhumika Raj	45
49.	Embracing Present	Sakshi Tyagi	45
50.	My Most Inspiring Moment: The Power of Solitude	Aakansha Mudgal	46
51.	Most Inspiring Persons In Life-My Parents	Taniya Varma	47
52.	Restoring Earth, Building Resilience Against Desertification and Drought	Aakanksha Mudgal	47

समाचारिका

53. राष्ट्रीय सेवा योजना	डॉ० अनुमिश्रा डॉ० जितेन्द्र कुमार	50
54. राष्ट्रीय कैडेट कोर	ले० (डॉ०) मीनू वार्ष्णेय	52
55. रोवर्स रेंजर्स	डॉ० श्वेता शर्मा डॉ० भगत सिंह	52
56. स्पंदन (साहित्य सांस्कृतिक परिषद्)	डॉ० निधि शुभानन्द	54
57. पर्यावरण क्लब	डॉ० ज्योति यादव	55
58. The Shakespearean Council (Department of English)	डॉ० ज्योति यादव	56
59. राजनीति विज्ञान विभाग परिषद्	डॉ० राजीव वर्मा	57
60. इतिहास विभाग परिषद्	डॉ० श्वेता शर्मा	58
61. संगीत विभाग परिषद्	डॉ० भगत सिंह	59
62. गृह विज्ञान विभाग परिषद्	डॉ० प्रियंका	60
63. दर्शनशास्त्र विभाग परिषद्	वसीम मंसूर	61
64. हिन्दी विभाग परिषद्	विनोद कुमार	62
65. भौतिक विज्ञान विभाग परिषद्	डॉ० उपदेश वर्मा	63
66. कल्पवृक्ष (वनस्पति विज्ञान परिषद्)	डॉ० निधि शुभानन्द	64
67. गणित परिषद	उत्तम कुमार शर्मा	64
68. जन्तु विज्ञान विभाग परिषद्	ले० (डॉ०) मीनू वार्ष्णेय	65
69. रसायन विज्ञान विभाग परिषद्	डॉ० अनु मिश्रा	66
70. कॉमर्स विभाग परिषद्	डॉ० जितेन्द्र कुमार डॉ० दीपक कुमार	67
71. करियर काउंसलिंग एवं रोजगार प्रकोष्ठ	डॉ० निधि शुभानन्द	68
72. सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम	डॉ० विनोद कुमार डॉ० श्वेता शर्मा	68
73. आजादी का अमृत महोत्सव	डॉ० श्वेता शर्मा	72
74. मिशन शक्ति 4.0	ले० (डॉ०) मीनू वार्ष्णेय	72
75. क्रीडा परिषद्	उत्तम कुमार शर्मा	72
76. स्वीप	डॉ० राजीव वर्मा	74
77. सेफ सिटी परियोजना	ले० (डॉ०) मीनू वार्ष्णेय	75

चिन्तामणि

अनुभूति के द्वन्द्व से ही प्राणी के
जीवन का आरम्भ होता है।

(आचार्य रामचन्द्र शुक्ल)

वर्तमान समय में युवाओं में नैतिक मूल्यों का पतन-एक नई समस्या

नैतिक मूल्य क्या होते हैं?

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और इस नाते सदाचार के आचरण में होना ही नैतिक मूल्य कहलाते हैं।

नैतिक मूल्यों का महत्वः

किसी भी परिवार, समाज क्षेत्र, देश व दुनिया का विकास व प्रगति नैतिक मूल्यों पर टिकी है। इनका आधार जितना मजबूत होगा उसका परिणाम उतना ही सुखद होता है। इसके विपरीत नैतिक मूल्यों का ह्रास होना मानवता के लिए सर्वाधिक घातक है। उदाहरणः अपने थोडे से निजी स्वार्थ के लिए अपने कर्तव्यों से विश्वासघात करना नैतिक मूल्यों का पतन कहलाता है जैसे–रिश्वत देना व लेना, अपने स्वार्थ के कारण समाज, देश को हानि पहुँचाना है डूबते बैंक इसका उदाहरण है। लोग बैंको से ऋण लेते हैं किंतु चुकाते नहीं हैं।

नैतिक संकट क्यों पैदा होता हैः

1. ज्ञान का अभाव –सही और गलत को ना समझना अथवा गलत कार्यो को भी अपने स्वार्थ बुध्दि से सही मानकर अनैतिक, अनुचित कार्यो को करना तथा समर्थन देना कभी परंपराओं के नाम पर तो कभी रीति–रिवाज के नाम पर जैसे सती प्रथा जैसी कुरीति का पालन उस समय लोग अज्ञानतावश इस धारणा से करते रहे कि वह सामाजिक परम्पराओं का पालन कर रहें है पर वह मात्र अज्ञानता के अतिरिक्त कुछ नही था। जैसे ही कुछ विद्वानों, चिंतको, समाज सुधारको ने इस ओर प्रयास कर लोगों में चेतना जगाई और समाज से ऐसी कुरीतियां समाप्त हुई अर्थात सही गलत के अंतर को ना पहचानना व भेड़ चाल चलना भी समाज के लिए हानिकारक होता है।

2.धार्मिक कट्टरता : समाज में विशेष धर्म के प्रति कट्टरता के कारण अनैतिक कार्यो व धारणा को नैतिक मानकर स्वयं अनुचित कार्य करना व धारणा दूसरों को अनुचित कार्य व्यवहार के लिए उकसाना भी समाज को क्षति पहुँचाना है।

3.अनैतिक आचरण में रूचिः अधिकतर मनुष्यों को सही गलत का ज्ञान तो होता है किंतु अनैतिक अनुचित आचरण कार्य व्यवहार में स्वतः रूचि होने के कारण मनुष्य जानते हुए भी गलत कार्यो का ही चयन करता है। जैसेः दुर्योधन, उसे सही गलत का ज्ञान तो होता था किंतु गलत कार्यो में रूचि व जिद्द के कारण वह अनुचित कार्यो को ही करता था।

4. अभिवृत्ति का अभावः अर्थात सही गलत का ज्ञान होना व सही गलत में से दृढ़तापूर्वक सही मार्ग का अनुसरण व अमल कर अभिवृत्ति कहलाता है। उदाहरण रावण ज्ञानी तो था किंतु उसमें अभिवृत्ति का अभाव था। अर्थात उस ज्ञान पर अमल नहीं किया जिसके परिणाम स्वरूप उसके संपूर्ण कुल को हानि उठानी पड़ी।

5. आंतरिक ऊर्जा का अनुचित उपयोग करनाः जब मनुष्य अपनी आंतरिक ऊर्जा का उपयोग स्वार्थवश अनुचित मार्ग पर करता है कुटिल बुद्धि से अनीतिपूर्ण मार्ग को अपनाता है। जैसेः आतंकवादी करते हैं। अपने गलत इरादों को दृढ़तापूर्वक प्रारूप करते हैं व मानव जाति को हानि करते है।

इन सभी कारणों से नैतिक मूल्यों का ह्रास होता है व नैतिक संकट पैदा होता है।

प्रत्येक मनुष्य का यह कर्तव्य बनता है कि वह अनुचित कार्यो व नीतियों के खिलाफ आवाज अवश्य उठाए। अपने आसपास कुछ भी गलत होते देखें तो उसका विरोध आवश्य करें।

नैतिक उत्थान व नैतिक आचरण के लिए आवश्यक गुण आधार क्या हैं?

1. सत्यनिष्ठा। 2. अभिवृत्ति होनी चाहिए। 3. कर्तव्यों का बोध होना। 4. शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता। एवं 5. सुन्दर प्रेरणा

का होना आवश्यक है।
आधुनिक समय में नैतिक मूल्यों के संकट का कारण सद्जीवन की संकीर्ण धारणा को माना जा सकता है। यह धारणा भौतिकवाद और व्यक्तिवाद पर जोर देती है, जिससे दूसरों और व्यापक समुदाय के प्रति चिंता नहीं दिखाई देती है।

निष्कर्षः

आधुनिक समय में नैतिक मूल्यों का संकट एक जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सद–जीवन की व्यापक धारणा को बढ़ावा देकर, जो सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय स्थिरता और सामान्य भलाई जैसे मूल्यों पर जोर देती है, और शिक्षा विनिमय, नैतिक उपभोक्तावाद, और समुदाय और सामाजिक आंदोलनो जैसे सक्रिय कदम उठाकर, हम इस संकट का अधिक समाधान कर सकते हैं और एक अधिक नैतिक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं।

करण, बी0ए0
प्रथम वर्ष

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

प्रस्तावनाः भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन भारतवर्ष के प्रत्येक व्यक्ति के लिए अहम है। इस दिन देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश के प्रत्येक चुनाव में भाग लेने की प्रतिक्षा लेनी चाहिए क्योंकि देश के प्रत्येक नागरिक का मत ही देश के भविष्य की नींव बनाता है।

मतदान नागरिक का अधिकार है साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है।

मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारे देश में किस तरह की सरकार हो इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें।
मतदान के माध्यम से हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। एक अच्छे सरकार का चुनाव करने से देश का विकास होता है। देश में शांति और समृद्धि आती है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें।

मतदान के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं। कि हमारे देश में किस तरह का समाज हो। हम यह तय कर सकते हैं। कि हमारे देश में महिलाओं, बच्चों और दलितों के अधिकारों की रक्षा हो। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और समाज में बदलाव लाएं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए सुझावः

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में मतदान के महत्व के बारे में शिक्षा को शामिल किया जाना चाहिए। मीडिया को मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए

प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

निष्कर्षः राष्ट्रीय मतदाता दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह एक ऐसा अवसर है। जब हम सभी नागरिकों को अपने मताधिकार के महत्व के बारे में जागरूक करते हैं। यह एक ऐसा दिन है जब हम सभी नागरिकों को अपने देश के विकास में योगदान देने को प्रेरित करते हैं।

इसलिए सभी नागरिकों को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

खुशी, बी.ए.
द्वितीय वर्ष



सड़क सुरक्षा में युवकों की भूमिका

सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोग हादसो का शिकार हो रहे हैं। 2022 के आकडों के अनुसार 1,68,491 लोगो की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक युवा वर्ग इसका शिकार हो रहा है। युवा अपने देश का भविष्य होता है और अपने परिवार का सहारा होता है। लेकिन उसकी एक लापरवाही से यहीं अपनी मौत का कारण बनता है।

अगर हमें सड़क दुर्घटना से निजात पाना है तो लोगों के अंदर नियम पालन करने की भवना जागरूक करनी होगी। लोगों को जागरूक करने में सबसे अधिक युवा वर्ग की भूमिका होगी। तो पहले हमें उन कारणों पर ध्यान देने की जरूरत है जिससे यह घटनाएं होती है। जैसे–तेज गति से गाड़ी चलाना, नशे की हालत में गाड़ी चलाना, अनुभवहीन होने के बाद भी गाड़ी चलाना और सड़क नियमों का पालन न करना यह सब सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण हैं। लोगों के अंदर जागरूकता का अभाव न होने के कारण वह हादसे का शिकार हो रहें हैं।

अब हमें इन कारणों को जानने के बाद इसे दूर करेंगे और जो मौतें बेवजह हो रही हैं उसमें कमी हो या दुर्घटना मुक्त देश बने। युवकों द्वारा पहला प्रयास यह हो सकता है। कि वह लोगों के अंदर अनुशासन पालन करने कि भावना या आदत पैदा कर सकें जिससे वह सड़क पर आते समय नियमों का पालन करें। एक अनुशासन ही लोगों को नियमों का पालन करना सिखा सकता है। लोगों को हमें यह बताना होगा कि आप की एक लापरवाही से आपके साथ–साथ सड़क पर और भी यात्री जो सड़क पर होते है उनकी भी जान संकट में पड़ सकती है। यह जितने भी नियम है वह आप सुरक्षा के साथ–साथ सामने वाले की भी सुरक्षा करना है इसलिए सड़क पर आते समय सड़क नियमों का पालन करें।

हम लोग जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को सड़क नियमों के बारे में बता सकते हैं। और उनसे अनुरोध कर सकते हैं कि इस सभी नियमों का पालन करें और खुद सुरक्षित रहें और आप भी लोगों को इन नियमों के बारें में बतायें। यह हर युवा का कर्तव्य है।

नशे के कारण भी सड़क हादसे में लोग अपनी जान गवाँ देते हैं इसलिए हर एक नागरिक का यह कर्तव्य है कि नशे से मुक्त भारत देश बनायें ताकि सड़क हादसों के साथ–साथ इससे हो रही बीमारी के कारण जो मौते हो जाती है। उसे कम कर सकें। इस सूचना को हम लोगों को पूरे देश तक पहुँचाना होगा।

इन हादसों में जिनकी मौतें होती हैं बस लापरवाही के कारण होती है, तो क्यों न इन सभी कारणों को दूर करें और पूरे भारत में इसे प्रचार करें इसके लिए हमें पत्रिका के माध्यम से भी लोगों तक पहुँचा सकते हैं।

अंत में मैं आशा करता हूँ कि आप लोग इन हादसों की गंभीरता को समझते हुए,

इन हादसों के कारणों को दूर करेंगें और लोगों को जागरूक करने में हमारा साथ देंगें हम मिल कर दुर्घटना मुक्त भारत बनाएंगें।

रितेश कुमार, बी.ए.
द्वितीय वर्ष



गणित

1. 0 से 1000 तक की संख्या में 1000 एक ऐसा अंक है जिसकी स्पेलिंग में "A" है।
2. 0 ही इकलौता ऐसा अंक है जिसके लिए रोमन संख्या में कोई अंक नहीं है।
3. प्रत्येक ओड नंबर में एक ई होता है।
4. अधिकांश मैथमेटिकल सिंबल के आविष्कार से पहले लोग इक्वेशंस को संख्याओं में लिखते थे।
5. महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।
6. 40 इकलौता ऐसा अंक है जिसकी स्पेलिंग वर्णक्रमानुसार लिखी है।
7. 2520 एक ऐसा सबसे छोटा नंबर है जो 1 से 10 तक के सभी नम्बरों से पूरा डिवाइड हो सकता है।
8. प्राचीन यंत्र आविष्कार के आधार पर आज के कैल्कुलेटर का आविष्कार हुआ है।
9. सबसे बड़ा प्राइमरी नंबर 2 करोड़ 20 लाख अंको से भी बड़ा है।
10. ग्रीक गणितज्ञों जैसे पाइथागोरस यूक्लिड़ और आर्किमिडीज की खोज आज भी गणितीय अध्यापन में उपयोग की जाती है।
11. शब्द Hundred दूसरे शब्द Hundrath से लिया गया है जिसका मतलब 120 होता है।
12. 21978 को 4 से गुणा करने पर उत्तर इस संख्या का उल्टा 87912 आयेगा।
13. भारत में सबसे पहला गणितज्ञ आर्यभट को माना जाता है।
14. शब्द एलजेबरा अरबी शब्द जबर से आया है जिसका अर्थ है टूटे हुए हिस्सों का पुनर्मिलन।
15. इंफिनिटी सिंबल का प्रयोग पहली बार 5बीं शताब्दी ईसा पूर्व में प्राचीन यूनानियों द्वारा किया गया था।
16. 1700 के दशक से गणित में पाई के प्रतीक का उपयोग किया जाता रहा है।
17. ग्राफ थ्योरी का आविष्कार करने का श्रेय गणितज्ञ लियोनहाई युल्ट को दिया जाता है।

रोहित कुमार, बी.एस.सी
प्रथम वर्ष



कोविड-19 के भूले-बिसरे दिन

कोविड–19 महामारी ने संपूर्ण विश्व को हिला कर रख दिया था। यह ऐसा समय था जब मानवता ने अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना किया। आज, जब हम उस समय को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो हमें याद आता है कि कैसे यह वैश्विक संकट हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर गया। हालांकि अब हम उस संकट से उबर चुके हैं, लेकिन उन दिनों की यादें हमारे मन में सजीव है।

महामारी की शुरूआत और भय का माहौलः

कोविड–19 की शुरूआत 2019 के अंत में चीन के वुहान शहर से हुई। यह वायरस इतनी तेजी से फैलने लगा कि कुछ ही महीनों में इसने वैश्विक महामारी का रूप ले लिया। देश–विदेश में लोग भयभीत थे, अस्पतालों में भीड़ थी, और जीवन रूक सा गया था। लॉकडाउन, क्वारंटाइन और सोशल डिस्टेंसिंग जैसे शब्द हमारे जीवन का हिस्सा बन गए थे।

लॉकडाउन और उसके प्रभाव

लॉकडाउन के कारण जीवन ठहर सा गया। सड़कों पर सन्नाटा था, स्कूल, कॉलेज, कार्यालय सब बंद थे। हर किसी को घर में रहने की हिदायत दी गई थी। इस दौरान आर्थिक गतिविधियाँ ठप हो गईं और मजदूरों को सबसे ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अनेक लोग अपनी नौकरी खो बैठे और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की चुनौतियाँः

इस महामारी ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सीमाओं को भी उजागर किया। अस्पतालों में बिस्तरों की कमी, वेंटिलेटर्स की कमी और दवाओं की अनुपलब्धता ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। डॉक्टर और नर्सें अपने जीवन को खतरे में डालकर दिन–रात मरीजों की सेवा में लगी रहीं। इस दौरान हमने देखा कि कैसे मानवता की सेवा में लगे लोग असाधारण प्रयास करते हैं।

मानवता की सेवा और सहयोगः

इस संकट के समय में अनेक उदाहरण देखने को मिले जहाँ लोगों ने मानवता की सेवा की। स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता और आम लोग आगे आए और जरूरतमंदो की मदद की। भोजन वितरण, मास्क निर्माण और आर्थिक सहयोग जैसे कार्यों ने यह साबित किया कि संकट के समय मानवता एकजुट होकर काम कर सकती है।

वैक्सीन का विकास और राहतः

2020 के अंत तक वैक्सीन का विकास एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। वैक्सीन आने के बाद लोंगों में उम्मीद जगी और जीवन धीरे–धीरे सामान्य होने लगा। टीकाकरण अभियान ने महामारी पर नियंत्रण पाने में अहम भूमिका निभाई।

भविष्य के लिए सीखः

कोविड–19 महामारी ने हमें कई महत्वपूर्ण सीख दी है। सबसे प्रमुख है स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाना और हर संभव तैयारियाँ करना ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी महामारी का सामना किया जा सके। इसके अलावा, यह महामारी हमें यह भी सिखा गई कि हम एक–दूसरे के बिना अधूरे हैं और संकट के समय एकजुटता और सहयोग की आवश्यकता होती है।

रजनी गौतम, बी.ए.
द्वितीय वर्ष



भारत एक महान देश

भारत एक महान देश है, जो अपनी अद्वितीय सांस्कृतिक धरोहर, विविधता और गौरवशाली इतिहास के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। यहाँ की विशेषताएँ और विविधताएँ इसे विशेष बनाती हैं, जो इसे अन्य देशों से अलग और विशेष स्थान प्रदान करती हैं। सबसे पहले भारत की सांस्कृतिक धरोहर पर ध्यान देना आवश्यक है। यहाँ की संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है। भारतीय संस्कृति में अनेक परम्पराएँ, धर्म, कला और साहित्य शामिल हैं, जो इसे समृद्ध और विविधतापूर्ण बनाती हैं। वेद, उपनिषद, महाभारत, रामायण जैसे ग्रंथ भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। भारत की विभिन्न भाषाएँ, नृत्य शैलियाँ, संगीत और त्यौहार इसे और भी रंगीन बनाते हैं।

भारत की धार्मिक विविधता भी इसे महान बनाती है। यहाँ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी और यहूदी धर्म के अनुयायी शांति और सदभाव से रहते हैं। इस धार्मिक सहिष्णुता और भाईचारे का उत्कृष्ट उदाहरण भारत ही है, जहाँ विभिन्न धार्मिक स्थलों, पर्वों और रीति–रिवाजों का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। भारत की भौगोलिक विविधता भी इसे विशेष बनाती है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता अद्वितीय है, जिसमें

हिमालय की उँचाइयाँ, गंगा–यमुना की पावन नदियाँ, राजस्थान के रेगिस्तान, केरल की हरियाली, और गोवा के समुद्र तट शामिल है। भारत की विविध भौगोलिक विशेषताएँ न केवल पर्यटकों को आकर्षित करती हैं, बल्कि यहाँ के लोगों के जीवन भी समृद्ध बनाती हैं।

भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति भी उसकी महानता का प्रमाण है। आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी देशों में से एक है। भारतीय वैज्ञानिक और इंजीनियर पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने भी अपने सफल अंतरिक्ष अभियानों से विश्वभर में भारत का नाम ऊचाँ किया है। भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली भी इसकी महानता का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यहाँ की लोकतांत्रिक प्रणाली ने विश्वभर में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में एक मिशाल कायम की है। यहाँ की जनता को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और अपने अधिकारों का प्रयोग करने की पूरी स्वतंत्रता है।

भारत की सामरिक शक्ति और रक्षा क्षमता भी उसे महान बनाती है। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना विश्व की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक है। उन्होने न केवल देश की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अंत में, भारत का महान होना उसके लोगों की उदारता, आतिथ्य और सहिष्णुता में निहित है। यहाँ के लोग अपनी परंपराओं और मूल्यों का पालन करते हुए भी आधुनिकता को अपनाते हैं।

संक्षेप में, भारत एक महान देश है, जो अपनी सांस्कृतिक, धार्मिक, भौगोलिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक विविधता के लिए जाना जाता है। यहाँ की महानता केवल उसकी भौतिक संपदा में नहीं, बल्कि उसकी आत्मा और संस्कृति में बसी है। भारत की महिमा को शब्दों में समेटना कठिन है, लेकिन यह निश्चित है कि यह देश अपनी विशेषताओ के कारण विश्व के मानचित्र पर एक अनमोल रत्न के समान है।

हर्ष कुमार, बी.ए.
प्रथम वर्ष



राजनीति विज्ञान क्यों पसंद है

राजनीति विज्ञान एक ऐसा विषय है जो मुझे हमेशा से ही आकर्षित करता है। इस विषय के प्रति मेरा लगाव कई कारणों से है। सबसे पहले, राजनीति विज्ञान हमें समाज की संरचना और कार्यप्रणाली को समझने में मदद करता है। यह जानना दिलचस्प होता है कि कैसे विभिन्न सरकारें काम करती हैं, कैसे नीतियां बनाई जाती हैं और उनका समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है। दूसरा, राजनीति विज्ञान हमें ऐतिहासिक और वर्तमान घटनाओं को विश्लेषण करने की क्षमता देता है। उदाहरण के लिए, जब हम स्वतंत्रता संग्राम, विश्व युद्ध या हाल की चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में पढ़ते हैं, तो हमें उन घटनाओं के पीछे के कारण और परिणामों को गहराई से समझने का मौका मिलता है। तीसरा, राजनीति विज्ञान हमें नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाता है। एक जागरूक नागरिक के रूप में, हमें अपनी सरकार और उसके कार्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। यह विषय हमें वोट देने, सरकारी नीतियों पर सवाल उठाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है।

इसके अतिरिक्त, राजनीति विज्ञान एक बहुआयामी विषय है जो अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास और कानून जैसे कई अन्य विषयों के साथ जुड़ा हुआ है। यह इसकी अध्ययन प्रक्रिया को और भी रोचक और समृद्ध बनाता है। राजनीति विज्ञान का अध्ययन करने से हमें विविध दृष्टिकोणों को

समझने और विचारशील निर्णय लेने की क्षमता मिलती है।

अंत में राजनीति विज्ञान समाज में न्याय, समानता और शांति की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय का अध्ययन करने से हमें न केवल अपने देश के बारे में बल्कि वैश्विक संदर्भ में भी सोचने की प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि राजनीति विज्ञान मेरा प्रिय विषय है। यह न केवल मेरे ज्ञान को समृद्ध करता है बल्कि मुझे एक बेहतर नागरिक बनने में भी मदद करता है।

नैन्सी, बी.ए.
द्वितीय वर्ष

संगीत की रोगोपचारक शक्ति

संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं है बल्कि एक ऐसी शक्ति है जो शरीर में प्रविष्ट होती है तो नाड़ियों तथा मस्तिष्क को प्रभावित करती है। प्राचीन काल से ही संगीत के द्वारा मनुष्य अपने मनोभावों को व्यक्त करता है। जन्म के समय बच्चे के पास भाषा नहीं होती, वह स्वरों के उतार चढ़ाव द्वारा स्वयं को व्यक्त करता है। संगीत की भाषा विश्व भाषा है जिसमें ध्वनियों में निहित भाव मनुष्य की स्मृतियाँ और भावों से है। इन्हीं गुणों के कारण संगीत का प्रयोग रोगोपचार में किया जाता रहा है। संगीत के बारे मे कहा गया है–

संगीत है शक्ति ईश्वर की,
हर सुर में बसे हैं राम।
रागी जी सुनाए रागिनी,
रोगी को मिले आराम

संगीत भक्ति का माध्यम तो है ही इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में विश्व के सभी देशों में संगीत थैरेपी के नाम से इसके द्वारा रोगों का इलाज किया जाता है।

ध्वनि चिकित्सा के जितने भी रूप हैं उनमें संगीत चिकित्सा सर्वाधिक लोकप्रिय है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की संरचना संगीतमय है। प्रकृति के कण–कण में स्वर व लय विद्यमान है। इसीलिए मानव जीवन भी अपने प्राकृतिक रूप में संगीतमय है। हमारे शरीर में भावनात्मक आवेंगों का नियंत्रण जैसे हर्ष, सुख, दुख, काम, क्रोध आदि कोई भी हो, हार्मोन द्वारा ही नियंत्रित होते हैं। उदाहरण के लिए जब क्रोध आता है या दुख होता है, तो एड्रीनल हारमोन उत्पन्न होकर रक्त में मिलता है। इसी प्रकार आनन्द और हर्ष के विचार आते ही सिरेटोनिन, डोपामाइन जैसे हारमोन उत्पन्न होने लगते हैं। इसी आधार पर संगीत द्वारा विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। संगीत ध्वनि पर आधारित है और यही ध्वनि तरंगे मनुष्य की मनोदशा पर गहरा प्रभाव डालती है, जिससे शरीर के रसायन तन्त्र में भी संगीत का प्रयोग मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकारों के उपचार में किया जाता है। यह एक प्राचीन कला है। जिसका उपयोग अनेक संस्कृतियों में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए किया जाता रहा है।

संगीत तनाव और चिंता को कम करता है, दर्द को कम करता है, स्मृति और एकाग्रता में सुधार करता है, और मानसिक विकारों जैसे अवसाद आदि के उपचार में सहायता करता है। यह शारीरिक विकारों जैसे ह्रदय रोग, स्ट्रोक, और कैंसर के उपचार में भी सहायता करता है। संगीत के द्वारा रोगोपचार के अनेक प्रकार हैं। कुछ संगीत चिकित्सक गीत का उपयोग करते हैं। कुछ संगीत चिकित्सा कार्यक्रमों में रोगियों को संगीत रचना करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जबकि अन्य में संगीत सुनने पर जोर दिया जाता है। संगीत के द्वारा रोगोपचार एक सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है जिसका उपयोग विभिन्न आयु वर्ग के लोगों पर किया जा सकता है। यह एकल रूप में

अथवा अन्य चिकित्सा पद्धतियों के साथ संयोजित रूप में किया जा सकता है। एक प्राचीन भारतीय ग्रन्थ के अनुसार भारतीय संगीत में कुल 72 राग होते हैं और संगीत के ये 72 राग शरीर की 72 मुख्य नाडियों को प्रभावित करते हैं। कुछ राग जिनके द्वारा रोगों का उपचार किया जाता है, इस प्रकार है–

- **हृदय रोग**– इस रोग में राग दरबारी और राग सारंग से संबंधित संगीत सुनना लाभदायक होता है। सितार वादन की मध्य लय से भी लाभ होता है। तेज संगीत नहीं सुनना चाहिए।
- **अनिद्रा**–इस रोग में राग भैरवी तथा राग सोहनी से संबंधित संगीत सुनना लाभदायक होता है। बिस्तर पर शांतिचित होकर मध्यम लय में बांसुरी बादन सुनना भी ठीक रहता है।
- **पित्त रोग**–इस रोग में राग खमाज सुनने में लाभकारी होता है।
- **कमजोरी**–इस रोग में राग जयजयवंती सुनना चाहिए और तेज संगीत सुनना चाहिए जिससे शरीर में स्फूर्ति आये।
- **याददाश्त**–कमजोर याददाश्त में राग शिवरंजनी से फायदा होता है। वीणा वादन और बांसुरी सुनने से भी याददाश्त तेज होती है।
- **खून की कमी**–इस रोग में राग पीलू से संबंधित संगीत सुनना लाभदायक होता है। मृदंग और ढोलक सुनना भी लाभकारी है।
- **मनोरोग या डिप्रेसन**–इस रोग में राग विहाग और राग मधुवंती से संबंधित संगीत लाभदायक होता है। घुँधरू और तबला वादन सुनना भी मन को शांति देता है।
- **रक्तचाप**–उच्च रक्तचाप में धीमी गति और निम्न रक्तचाप में तीव्रगति का संगीत लाभ देता है। वीणा वादन सुनने से बहुत लाभ होता है।
- **साँस संबंधित रोग**–जैसे अस्थमा आदि रोग में राग मालकौंस और राग ललित से संबंधित संगीत सुनना लाभदायक होता है। भक्ति संबंधित संगीत सुनने गाने से भी होता है। प्राकृतिक संगीत जैसे समुद्र की लहरें, बहते पानी की कल–कल की आवाज सुनना भी लाभदायक होता है।

नाजिया, बी.ए.
द्वितीय वर्ष

शीर्षकःविकसित @2047: भारत का निर्माण

समय ने अपने परिवर्तन के साथ चलते हुए भारत को नए दिशानिर्देश में ले जाने की दिशा में कई कदम बढ़ाए हैं। विकसित भारत @2047 उस सपने की यात्रा का हिस्सा है जिसमें हम अपने देश को समृद्ध प्रगतिशील और समावेशी बनाने का लक्ष्य रखते हैं। इस लेख में, हम विकसित भारत के विचार को समझेंगें और उसके महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों पर ध्यान देंगे।

भारत @ 2047: सपना और संविधान

भारत के संविधान के निर्माण के समय से लेकर आज तक, हमारा सपना हमेशा एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का रहा है। 2047 में, जब हमारा देश अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरा करेगा, हम यह सपना पूरा करने के लिए अग्रसर होंगे। हमें एक ऐसे भारत की और बढ़ना होगा जो अपने नागरिकों को शिक्षित, स्वस्थ और समर्थ बनाता है।

सामृद्धिकरण की राह

विकसित भारत @2047 के लिए हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और समृद्धिशील बनाने की दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। उच्च गति वाली तकनीकी

विकास, ऊर्जा संवर्धन, और उद्यमिता को बढ़ावा देने के माध्यमों का विकास हमारे लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सामाजिक समावेश

विकसित भारत के लिए हमें सामाजिक समावेश के माध्यमों को मजबूत करने की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं तक पहुँच में समानता और न्याय की सबसे अधिक प्राथमिकता होनी चाहिए।

संवैधानिक मूल्यों की सुरक्षा

विकसित भारत की यात्रा में, हमें अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने और देश की एकता, सौहार्द, और अखंडता को सुनिश्चित करने का संकल्प लेना होगा। विकसित भारत /2047 हमारे देश की ओर बढ़ने का सपना है, जो समृद्ध, समावेशी और आत्मनिर्भर हो। इस सपने को साकार करने के लिए हमें सम्मान, समर्थन, और साझेदारी की जरूरत है।

नंदनी त्यागी, बी.कॉम
द्वितीय वर्ष

दैनिक जीवन और रसायन

संपूर्ण ब्रह्माण्ड रसायनों का विशाल भंडार है। जिधर भी दृष्टि जाए, हमें विविध आकार प्रकार की वस्तुएँ नजर आती हैं। ये सभी किसी न किसी पदार्थ से निर्मित हैं। ये ठोस, द्रव या गैस अवस्था में हो सकती हैं। सजीवों में पोषण, वृद्धि, पाचन, उत्सर्जन, प्रजनन की प्रक्रियाएँ रासायनिक अभिक्रियाएँ हैं। मानव के संवेदी अभ्यास अनुभवों जैसे शब्द, स्पर्श, रूप, रूस तथा गंध इन सभी के पीछे रासायनिक क्रियाएँ उत्तरदायी हैं।

रसायन विज्ञान का संबंध हमारी रोजमर्रा की जिंदगी से है। शुरूआत सुबह की चाय से करते हैं जो कि दूध, चीनी, चाय पत्ती के साथ उबला हुआ जलीय घोल है। पश्चिमी देशो में बिना दूध की चाय लेने का प्रचलन है जिसे काली चाय यानी ब्लैक टी कहा जाता है। रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतें पूरा करने में रसायन की भूमिका है। दैनिक इस्तेमाल जैसेः ब्रश, मंजन, कंघी, शीशा, कागज, कलम, दवाईयाँ, प्लास्टिक इत्यादि सबमें रसायन व्याप्त है। यातायात, परिवहन तथा दूरसंचार के पीछे रसायनों की भूमिका है। मानव जीवन को आरामदायक बनाने में रसायन विज्ञान ने अप्रतिम भूमिका निभाई है।

वास्तव में देखा जाए तो इक्कीसवीं सदी में रसायनों की पहुँच कल–कारखानों, उद्योगों से लेकर हमारे चूल्हे चौके तथा ग्रामीण भारत के खेत खलिहानों तक जीवन के हर क्षेत्र में हो चुकी है।

1. साबुन तथा अपमार्जक

आज घर–घर में साबुन का इस्तेमाल होता है चाहे वह शहर हो या फिर गाँव देहात। साबुन, स्टीएरिक एसिड, पामिटिक एसिड, ओलिक एसिड तथा लिनोलेइक एसिड जैसे वसीय अम्लों के सोडियम या पोटैशियम लवण होते है। साबुन निर्माण की प्रक्रिया को साबुनीकरण कहा जाता है। सोडियम वाले साबुन ठोस तथा कठोर होते हैं जब कि पोटेशियम वाले साबुन मृदु तथा द्रव होते हैं।

2. आहार तथा रसोई में रसायन

हमारे आहार के छह मुख्य रासायनिक घटक है। ये हैः कार्बोहाइड्रेटस, प्रोटीन, लिपिड, विटामिन्स, खनिज लवण एवं जल। कार्बोहाइड्रेटस, कार्बन, ऑक्सीजन और हाइड्रोजन से बने हुए यौगिक होते हैं। चावल, आलू , चीनी, रोटी, चुकन्दर आदि कार्बोहाइड्रेटस बहुल स्त्रोत है। दूसरा खाद्य समूह है प्रोटीन का ये हमारे शरीर के अंगो, उपांगों तथा उत्तकों का निर्माण करते हैं। प्रोटीन हमें दूध, पनीर, अंडा, माँस, मछली,

दालों तथा कुछ मात्रा में गेहूँ, सेब आदि से प्राप्त होता है। कुछ प्रोटीनों में सल्फर और फास्फोरस भी होता है।

3. फल तथा तरकारियाँ

हमारे घरों में तमाम रसायन प्रयोगों में लाए जाते हैं पेट की शिकायत में सिरका का सेवन गुणकारी माना जाता है। सिरका वास्तव में एसिटिक एसिड (CH_3COOH) होता है। खाने का सोड़ा यानी सोडियम बाइकार्बोने ($NaHCO_3$), धावन सोडा (Na_2CO_3) , खाने का नमक (Nacl), सेंधा नमक(Kcl), फिटकरी (K_2SO_4 Al_2 $(SO_4)_3$ $24H_2O$), बैटरियों में गंधक का अम्ल (H_2SO_4), बुझा चूना ($CaCoHl_2$), अल्कोहलिक पेय पदार्थो में इथेनॉल (C_2H_5OH), रसायनों के उदाहरण है फूलों की सुगन्ध में फ्लेवोन्स तथा फ्लेवोनायइस, रास्पबेरी की गंध में आयोडिन, केले की गंध के पीछे आइसोएमाइल एसीटेट तथा नीबू की ताजगी के पीछे लिमोनिन यौगिक की भूमिका है जबकि इसके खटटेपन के लिए सिट्रिक अम्ल जिम्मेदार होता है एसिडिटी होने पर हम जो एन्टासिड दवाईयाँ लेते हैं उनमें मैगनिशियम हाइड्रॉक्साइड होता है। यह आमाश्य में मौजूद एचसीएल अम्ल से अभिकिया करके मैग्नीशियम क्लोराइड तथा पानी बनाता है इस तरह पेट में अम्लता कम हो जाती है और हमें जलन तथा खट्टी डकार से राहत मिलती है।

4. कीटाणुनाशक दवाई में

डेटॉल बहुत ही प्रचलित कीटाणु–नाशक है जिसका आमतौर पर प्रयोग होता है इसे 4 क्लोरो, 3,5– डाईमिथाइल फीनॉल कहते हैं। इसके अलावा फिनाइल नामक रसायन का भी बहुतायत से प्रयोग होता है। अल्कोहल तथा बोरिक एसिड सबसे सुलभ जीवणु रोधी है। चोट की मरहमपट्टी करने से पहले डॉ घाव को 6 प्रतिशत हाइड्रोजन परॉक्साइड के घोल का प्रयोग करते हैं। कैल्शियम हाइपोक्लोराइट जिसे हम आमतौर पर ब्लीचिंग पाउडर कहते हैं का प्रयोग जल स्त्रोतों की सफाई, नालियों, परनालों वगैरह को साफ करने के लिए करते हैं।

5. सौंदर्य प्रसाधन में

सौन्दर्य प्रसाधन में रसायनों का अद्भुत संगम है ये सभी घरों में इस्तेमाल किए जाते हैं। कुछ खास का जिक्र यहाँ किया जा रहा है।

क्रीम या कोल्ड क्रीमः जैतून या कोई खनिज, तेल, मोम, पानी और बोरेक्स के मिश्रण से चेहरे के लिए क्रीम बनती है जिससे कोई सुगन्ध, इत्र इत्यादि डाल दिया जाता है। पुष्पों की सुगन्ध के लिए अल्कोहल,, एल्डिहाइड, कीटोन, फीनॉल इस्तेमाल किया जाता है।

पाउडरः इसमें खडिया, टैलकम, जिंक आक्साइड, चिकनी मिट्टी का चूर्ण, माँड, रगेन का पदार्थ, सुगन्ध आदि होते हैं।

लिपिस्टिकः अधिकतर यह किसी मोम से बनाई जाती है जिसमें तारकोल से निर्मित रंग सामग्री पड़ी होती है।

भारती, बी.एस.सी
तृतीय वर्ष



रसायन विज्ञान

भूमिकाः आज का युग विज्ञान का युग है। आज के वैज्ञानिक युग ने मनुष्य के जीवन में बहुत ही प्रभाव उत्पन्न किया है। आज मनुष्य के जीवन में जितनी भी गतिविधियाँ हो रही हैं वो सब विज्ञान की वजह से ही संभव हो पायी हैं। आज के समय में पुराने रहस्यों को भी खोज लिया गया है। आज विज्ञान की वजह से आकाश की उँचाईयों से लेकर पाताल की गहराईयों को नापना संभव हो पाया है।

रसायन विज्ञान का महत्वः रसायन विज्ञान, विज्ञान की वह शाखा है जसके अंतर्गत कई प्रकार के पदार्थो तथा द्रव्यों की संरचना, संगठन, गुण उनकी प्रतिक्रियाएं, उनमें होने वाले परिवर्तन उनके भौतिक तथा रासायनिक गुण आदि के बारे में विस्तृत अध्ययन किया जाता है। आज के समय में रसायन विज्ञान

एक ऐसी शाखा बन के आई है जिसका मानव जीवन में उपयोग 80 प्रतिशत से अधिक किया जाता है। रसायन विज्ञान के जनक Antoine Lavoisier को कहा जाता है।

मानव जीवन में रसायन विज्ञान का महत्वः रसायन विज्ञान, विज्ञान की एक ऐसी शाखा है, जिसमें समस्त प्रकार की वस्तुओं, पदार्थों, ठोस, द्रव, गैस आदि के गुण–लाभ उनका संगठन, संरचना आदि का अध्ययन करके मनुष्य का जीवन सरल और सुविधापूर्ण बनाने का प्रयास किया जाता है। मनुष्य के खाने से लेकर मनुष्य के पहनने तक समस्त चीजों का निर्माण रसायन विज्ञान के द्वारा ही किया जा रहा है। यहाँ तक कि मनुष्य के सुखी जीवन की कामना रसायन विज्ञान के बिना कर ही नहीं सकते। मनुष्य के स्वास्थ्य तथा मनुष्य की रक्षा के लिए समस्त सामग्री का निर्माण रसायन विज्ञान की ही देन है। मानव जीवन में रसायन विज्ञान के महत्व के कुछ उदाहरण निम्नलिखित है।

खाद्य सामग्री में रसायन विज्ञानः मनुष्य के आहार के मुख्य घटकों में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और जल को स्वस्थ किया गया है। इसके बिना मनुष्य स्वस्थ नहीं रह सकता है और यदि यह सब दूषित अवस्था में मनुष्य सेवन करता है तो मनुष्य कई प्रकार के रोगों से ग्रसित हो जात है।

घरेलू वस्तुओं के निर्माण में रसायन विज्ञानः मनुष्य के दैनिक जीवन में कई प्रकार की ऐसी वस्तुएँ होती हैं जो वह हर वक्त उपयोग में लाता है और इन वस्तुओं का निर्माण रसायन विज्ञान के अंतर्गत ही किया जाता है। मेटलर्जी के द्वारा कई प्रकार की उपयोग में आने वाली वस्तुएं, बर्तन, मूर्तियां, सिक्के आदि कांसे, पीतल, ताम्बें के बनाये जाते हैं। इसलिए दैनिक जीवन में रसायन विज्ञान का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है।

स्टेशनरी और फोटोग्राफी में रसायन विज्ञानः रसायन विज्ञान स्टेशनरी निर्माण और फोटोग्राफी में एक उल्लेखीय भूमिका निभाता हैं, लकड़ी से कागज का निर्माण करना रसायन विज्ञान की प्रक्रिया के अंतर्गत ही आता है। इसके साथ ही स्याही के निर्माण, रबर, पेंसिल, इत्यादि का निर्माण रसायन विज्ञान की ही देन है।

सौंदर्य प्रसाधन में रसायन विज्ञानः रसायन विज्ञान सौंदर्य प्रसाधन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि आजकल हर एक व्यक्ति सुंदर तथा आकर्षक दिखना चाहता है, जिसके लिए रसायन विज्ञान ने विभिन्न प्रकार के उत्पाद भी बना लिए है।

साफ़ सफाई में रसायन विज्ञानः रसायन विज्ञान साफ–सफाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि अगर मनुष्य साफ सफाई से नहीं रहेगा तो विभिन्न प्रकार के रोगाणु और जीवाणु उत्पन्न होंगे। जिससे मनुष्य को कई प्रकार के रोगों का सामना भी करना पड़ सकता है इसलिए रसायन विज्ञान ने दैनिक जीवन में विभिन्न प्रकार के ऐसे रसायन का निर्माण किया है जो प्रत्येक घर में उपयोग किए जाते हैं, जिनसे जीवाणुओं और रोगाणुओं से मुक्ति मिल जाती है। उदाहरणार्थ–विरंजक चूर्ण, फिनाइल, डिटर्जेंट आदि।

